Regarding need to expedite completion of Son-Kanhar Pipeline Irrigation Project in Garhwa district of Jharkhand- laid

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2017 में ₹1276 करोड़ रुपये की लागत से गढ़वा जिले की भूमि को सिंचित करने के लिये सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई परियोजना स्वीकृत की गयी थी । राज्य सरकार की उदासीनता के कारण इस परियोजना का निर्माण कार्य विलम्ब से वर्ष 2019 में L&T कंपनी के द्वारा शुरू किया गया एवं मार्च 2022 तक कार्य को पूर्ण करना था जो समय पर नहीं हो पाने के कारण कम्पनी को कार्य का विस्तार करते हुए 30 जून 2026 तक का समय दिया गया है । परंतु अभी भी कुछ स्थानों पर पम्प हाउस बनाने हेतु वन विभाग से NOC निर्गत नही होने के कारण कम्पनी के द्वारा अभी तक कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है । साथ ही साथ उक्त कम्पनी का लगभग 400 करोड़ रूपए का बिल भुगतान हेतु लम्बित है । स्वभाविक रूप से उस कम्पनी द्वारा कार्य की गति धीमी कर दी गयी है, जिसके कारण सिंचाई परियोजना का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है । इस परियोजना से गढ़वा जिले की 22 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी । मैं, जल शक्ति एवं वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार से माँग करता हूँ कि उक्त परियोजना को अविलंब पूर्ण कराने की कृपा की जाए ।